मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 273, मुंबई, शुक्रवार, 3 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

देवेंद्र फडणवीस के साथ आएंगे उद्धव ठाकरे!

दिखे एक होने के संकेत

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कड़ी हार के बाद अभ ऐसे संकेत मिल रहे है कि शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे जल्द ही बीजेपी के साथ हाथ मिला सकते है। ऐसा इसलिए क्योंकि कुछ समय से महाराष्ट्र की राजनीति में उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे देवेंद्र फडणवीस की परियोजनाओं की तारीफ करते नजर आ रहे है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि उद्धव जल्द ही फडणवीस के साथ हाथ मिलाने का प्लान बना सकते है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

लाड़की बहिन योजना में अब डमी लाभार्थियों की होगी जांच

गलत तरीके से फायदा लेने वालो का कटेगा नाम

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। राज्य में विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड जीत के बाद महायुति सरकार का गठन हो गया है। इस जीत में चुनाव से पहले शुरू की गई लाडली बहना योजना की बड़ी भूमिका मानी जा रही है लेकिन अब बीजेपी की अगुवाई में बनी सरकार ने इस योजना के लाभार्थियों की जांच का ऐलान किया है। इसकी जानकारी महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने दी। उन्होंने कहा कि ऐसी कई शिकायतें मिली हैं जिनमें इस योजना के लिए निर्धारित नियमों का पालन न करते हुए लाडली बहना का लाभ लिया जा रहा है। ऐसे में इन आवेदनों की जांच की जाएगी। मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि मानदंडों के बाहर भरे गए आवेदनों को अयोग्य घोषित करने का निर्णय लिया गया है। अदिति तटकरे ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना शिकायत हम किसी भी आवेदन की जांच नहीं करेंगे।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

मुंबई के धारावी में बड़ा हादसा

बेकाबू ट्रक ने मारी टक्कर, खाई में धड़ाधड़ गिरी 6 गाड़ियां

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मुंबई के धारावी इलाके से एक भयानक और दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां खाई के किनारे 6 कारें लाइन से खड़ी थी। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार एक बेकाबू टैंकर आया और उसने सभी गाड़ियों को टक्कर मार दी। इस टक्कर से सभी गाड़िया एक के बाद एक खाई में जा गिरी। फिलहाल अभी घटना को लेकर किसी के भी हताहत और घायल होने की कोई सूचना सामने नहीं है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और इसी के साथ राहत बचाव के लिए फायर बिग्रेड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि धारावी में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी 6 गाड़ियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सभी गाड़ियां एक के बाद एक खाई में गिर गईं। इस हादसे में किसी के भी घायल होने की कोई खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

धनंजय मुंडे के सिर पर लटकी तलवार

इस्तीफे की मांग तेज, विखे पाटिल ने भी दिए ये संकेत

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। दिसंबर महीने में महाराष्ट्र के बीड जिले के केज तालुका के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे महाराष्ट्र में हंगामा खड़ा कर दिया था। घटना के 23 दिन बाद भी इस मामले के कुछ आरोपी अभी भी फरार हैं, जिन्हें पुलिस अभी तक पकड़ नहीं पाई है। इस मामले की जांच के लिए अब एसआईटी टीम का गठन किया गया है। इस घटना के चलते पूरे राज्य में माहौल गरमाया हुआ है और पक्ष-विपक्ष द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप जारी है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

राधाकृष्ण विखे पाटिल ने कहा है कि एसआईटी रिपोर्ट आने के बाद धनंजय मुंडे के इस्तीफे पर फैसला लिया जाएगा। इस बीच चर्चा है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता शरद पवार फिर साथ आएंगे, जिस पर विखे पाटिल ने भी प्रतिक्रिया दी। दोनों पवार साथ आएं या नहीं, यह उनका पारिवारिक मामला है। विखे पाटिल ने कहा है कि वे जो करना चाहते हैं, वह उनकी मर्जी है

www.mumbaihalchal.com mumbaihalchal@gmail.com https://www.facebook.com/mumbaihalchal.halchal https://twitter.com/MumbaiHalchal

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

किसानों के लिए सरकार!

जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है। डीएपी सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है।

कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने नए साल का पहला फैसला किसानों के हित में लिया है। नरेंद्र मोदी ने कहा- हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। घोषणा के मुताबिक केंद्र ने दो महत्त्वपूर्ण फैसले लिए। सरकार ने डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के आयात के लिए प्रति टन 3,500 रुपये की विशेष सब्सिडी की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया। साथ ही दो फसल बीमा योजनाओं में तकनीक के उपयोग के लिए 824.77 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब 2025-26 में भी जारी रहेगी। ये फैसला नहीं होता, तो इस योजना के लिए सरकारी सब्सिडी की अवधि अगले मार्च में समाप्त हो जाती। इसके लिए 2021-22 से 2024-25 तक के लिए 66,515 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। अब 3,045 करोड़ रुपये और आवंटित किए गए हैं। जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है। डीएपी सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है। सरकार ने बाजार में इसकी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) में वृद्धि को फ्रीज कर रखा है। इसलिए रुपये की गिरती की कीमत से आयातकों के लिए इसे मंगवाना घाटे का सौदा बन गया है। तो किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का कुल व्यावहारिक नतीजा यह होगा कि मौजूदा कीमत पर एक साल और डीएपी किसानों को मिल सकेगा, हालांकि सरकारी सब्सिडी के बावजूद मांग के सीजन में डीएपी उपलब्धता को लेकर किसान शिकायत जताते रहे हैं। उधर फसल बीमा योजना भी साल भर और जारी रहेगी। निजी कंपनियों के जरिए लागू यह योजना सवालों के घेरे में रही है। इसकी आलोचना रही है कि इसका असल लाभ किसानों के बजाय बीमा कंपनियों को मिला है। चाहे बीमा कोई भी हो, निजी कंपनियों का क्लेम देने में देर या इनकार करना आम कहानी है। किसान भी इसका शिकार हुए हैं। इसीलिए किसान संगठन इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि बाजार अर्थव्यवस्था में एमएसपी की बिना कानूनी गारंटी हुए किसान कल्याण नहीं हो सकता।

अपराधियों के खिलाफ सीपी अखिल के सफलतम कार्यकाल की वर्षगांठ का साक्षी बना कानपुर, दर्जनों गिरफ्तार

घटनाओं के सटीक खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ देश में पहली बार पत्रकार रुपी अपराधी अवनीश गिरोह का भंडाफोड़ को लेकर चर्चा में रहा पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का कार्यकाल

कानपुर। यहां पुलिस कमिश्नरी का गठन अपराधियों के खिलाफ अपने इरादे के पूर्ण करने में सफल साबित हुआ है। इस बीच देश में पहली बार पत्रकार रूपी शातिर अपराधी गैंगस्टर अवनीश दीक्षित गिरोह के भंडाफोड़ समेत बड़ी संख्या में सटोरियों, जुआंड़ियों , बलात्कारियों, अपहरण कताओं ,चोरों, लुटेरों ,राहजनों और वांक्षित इनामियों की गिरफ्तारी के साथ ही चोरी लूट का माल- नकदी ,तमंचे और कारतूस आदि की भी बरामदी की गई। बीते साल में अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता ने जान जोखिम में डालकर की गई मुठभेड़ में भी अनेक शातिरों को घायल कर जेल की हवा खिलाने में भी उल्लेखनीय और सराहनीय सफलता प्राप्त की। जिसने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में कानपुर को अव्वल भी साबित किया।

अपराधियों के खिलाफ संतोषजनक प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की हर सम्भव सहायता के मामले में इस पूर्णता का पूर्ण श्रेय भी यहां पुलिस कमिश्नर के रूप में नियुक्त चल रहे देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की दूरदर्शिता पूर्ण व्यवहार कुशलता और कठोर परिश्रम वाले कुशल नेतृत्व को ही जाता है।

खास बात यह भी कि कानपुर को जुझारू पुलिस कमिश्नर के रूप में हर दृष्टिकोण से सफलतम आई पीएस एडीजी अखिल कुमार की पहली वर्षगांठ मनाने का भी सौभाग्य मिला है। बीते साल की 3 जनवरी को कानपुर के पुलिस कमिश्नर बनाए जाने के बाद योगी सरकार की मंशा पर खरे उतारते हुए कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ जनहित में सराहनीय सफलता का उनका क्रम लगातार जारी है।

इसी के साथ कानपुर के संदर्भ में बीता साल 2024 पत्रकारिता से अपराधियों के सफाए के लिए भी सदैव याद रखा जाएगा। जिसका पूर्ण श्रेय त्वरित निर्णय में अग्रणी पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की निडरता यानी अदम्य साहस, उनकी निष्पक्षता, उनकी पारदर्शिता और उनके जुझारू स्वभाव को जाता है। वह देश के पहले आईपीएस हैं, जिन्होंने पत्रकार रूपी अपराधी माफिया गिरोह अवनीश दीक्षित को बेनकाब करने जैसा पत्रकारिता की हित में सराहना की सीमा तोड़ने वाला कार्य किया है। याद रहे कि भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पत्रकारिता की आड़ में हर तरह अपराध करने वाले इस तरह के शातिर माफिया गिरोह का भंडाफोड़ इसके पहले कभी नहीं किया गया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक यही नहीं निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोक हित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने वाले वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार ने अपराधियों के खिलाफ अबतक जिस तरह की सफल रणनीति अपनाई, उसके फलस्वरूप हर तरह के अपराधी, माफिया, चोर लुटेरे, राहजन और बलात्कारी आदि भी कानून के शिकंजे में फंसने से नहीं बच सके। पुलिस सूत्रों की नजर में इस उपलब्धि के उल्लेखनीय और प्रशंसनीय श्रेय धारक भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले यहां के जुझारू पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार की अगुवाई वाली पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से अपराध और अपराधियों पर अंकुश पाने की दिशा में जिस तरह की महत्वपूर्ण सफलता मिली है। उससे आम जनता भारी राहत भी महसूस कर रही है। इस बीच वर्षों पुरानी ट्रैफिक समस्याओं का भी पूर्ण समापन करते हुए सुगम यातायात भी उपलब्ध कराने के प्रयास में पूर्ण रूप से सफल सरल और शालीन स्वभाव के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाही में जन सहयोग के प्रति आभार व्यक्त व्यक्त करते हुए लोगों को नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें भी दीं। याद रहे कि अपने कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए भी चर्चित व्यवहार कुशल कठोर परिश्रमी यहां के पुलिस कमिश्नर वरिष्ठ आई पी एस अखिल कुमार इसके पहले भी जहां भी पोस्ट रहे हैं, वहां पर भी अपनी सफेदपोश माफिया अपराधियों दलालों और भ्रष्ट पुलिस कर्मियों को भी भरपूर सबक सिखाने में सफल रहे हैं। फिलहाल कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में सफलतम पुलिस कमिश्नर के रूप में कानपुर में 1 वर्ष पूरा कर चुके कठोर परिश्रमी जुझारू तेवरों वाले वरिष्ठ आईपीएस अखिल कुमार की नेतृत्व कुशलता से आम जनता भी भारी राहत से लवरेज भी चल रही है।

बुनियाद बहुत कमजोर है

रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 57.2 प्रतिशत स्कूलों में चालू अवस्था वाले कंप्यूटर हैं। 52.9 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट और 52.3 फीसदी स्कूलों में अन्य जरूरी तकनीकों की सुविधा है। यानी लगभग 45 प्रतिशत स्कूलों के छात्र आधुनिक तकनीक से वंचित हैं।

यूडीआईएसई+ (यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस) की 2023-24 की रिपोर्ट से भारत में स्कूली शिक्षा के कमजोर बुनियाद की कहानी फिर सामने आई है। पहला विवादास्पद आंकड़ा तो यही है कि पिछले वित्त वर्ष उसके पहले वाले साल की तुलना में स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की संख्या तकरीबन एक करोड़ घट गई। ऐसा कैसे हुआ? सरकार के मुताबिक इसका कारण रिपोर्टिंग सिस्टम को सख्त बनाना है, जिससे डुप्लीकेट एंट्रीज खत्म हो गई हैं। तो सामने आया कि 2021-22 में जहां स्कूलों में 26.52 करोड़ बच्चे थे, वहीं ये संख्या 2022-23 में 25.18 करोड़ और 2023-24 में 24.80 करोड़ हो गई। छात्रों की संख्या घटने का सचमुच यही कारण है, या इसके पीछे व्यापक सामाजिक-आर्थिक या जनसंख्या संबंधी वजहें हैं, यह बड़े अध्ययन का विषय है। बहरहाल, जहां तक डिजिटल डिवाइड और बीच में ही पढ़ाई छोड़ने की जिस परिघटना पर रोशनी पड़ी है, वे निर्विवाद हैं। ये रिपोर्ट प्री नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के बारे में है। इसके मुताबिक सिर्फ 57.2 प्रतिशत स्कूलों में चालू अवस्था वाले कंप्यूटर हैं। 52.9 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट और 52.3 फीसदी स्कूलों में अन्य जरूरी तकनीकों की सुविधा है। स्पष्टतः देश के लगभग 45 प्रतिशत स्कूलों के छात्र आधुनिक सूचना तकनीक से वंचित हैं। ऊंची कक्षाओं में जाने के साथ छात्रों के ड्रॉप आउट के मामले बढ़ने का सिलसिला भी जारी है। 96.5 फीसदी बच्चे बुनियादी स्तर पर दाखिला लेते हैं, लेकिन उनमें से 5.5 प्रतिशत मिडल स्कूल में जाने के पहले पढ़ाई छोड़ देते हैं। उनमें से 10.9 प्रतिशत और बच्चे सेंकेंडरी स्तर पर जाते-जाते पढ़ाई छोड़ चुके होते हैं। मेघालय जैसे राज्य में तो ये संख्या लगभग 21 फीसदी है। दरअसल, राज्यवार आंकड़ों को देखा जाए, तो विभिन्न राज्यों के बीच इस मामले में भारी फर्क दिखता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

जलगांव में हटा कर्फ्यू, शांति का दिखा माहौल, जांच में जुटी पुलिस

मुंबई हलचल/संवाददाता

जलगांव। हाल ही में महाराष्ट्र के जलगांव जिले के पलाधी गांव में मामूली बात को लेकर दो गुटों में भिड़त हो गई थी, जिससे इलाके में हिंसा भड़क गई थी। इस हिंसा में कुछ दुकानों में आग लगा दी गई थी और पथराव किए गए थे, जिसके चलते पूरे इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया था। मंगलवार रात दो समूहों के बीच झड़प के बाद शांति बहाल होने पर कर्फ्यू हटा लिया गया है। एसपी महेश्वर रेड्डी ने एएनआई को बताया, 31 दिसंबर, 2024 की रात करीब 11 बजे पलाधी गांव में रोड रेज की घटना हुई। करीब 100 से 150 लोग इकट्ठा हुए और मामला बिगड़ गया। कम से कम 20 से 25 लोगों ने कुछ दुकानों और 12 वाहनों में आग लगा दी। पुलिस को तैनात किया गया और शांति बहाल की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं, साथ ही कहा कि हिंसक घटना के उसी दिन 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद आठ और लोगों की पहचान की गई और वे फरार हैं। जलगांव के जिला कलेक्टर आयुष प्रसाद ने कहा कि प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की और सुनिश्चित किया कि नुकसान कम से कम हो। प्रसाद ने बताया, कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। सभी साक्ष्य एकत्र किए गए... हमने

ग्रामीणों से संपर्क किया और वे इस बात पर सहमत हुए कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंध हटा दिए गए हैं।

जितेंद्र आव्हाड ने ठहराया जिम्मेदार

घटना के तुरंत बाद गांव में कर्फ्यू लगा दिया गया था। एनसीपी-एससीपी नेता जितेंद्र आव्हाड ने हिंसा के पीछे राजनीतिक पृष्ठभूमि का आरोप लगाते हुए अराजकता के लिए मंत्री गुलाब राव पाटिल को जिम्मेदार ठहराया था। आव्हाड ने कहा, इसकी भी एक राजनीतिक पृष्ठभूमि है। मंत्री गुलाब राव पाटिल उस अराजकता के लिए जिम्मेदार हैं।

कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन बड़े ही मार्मिक ढंग से किया गया प्रस्तुत

मुंबई हलचल/संवाददाता

ठाणे। कलवा पूर्व स्थित आतकोनेश्वर नगर में ब्राह्मण जन जागरण संस्था द्वारा आयोजित चतुर्थ दिवस की कथा में काशी के धरा धाम से पधारे श्री कुणाल जी महाराज जी ने कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव-देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में बुधवार को कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया।ब्राह्मण जन जागरण संस्था द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा में प्रतिदिन यजमानो द्वारा बेदी पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा है। काशी से पधारे आचार्य गुलाब शास्त्री एवं प्रवीण कुमार के द्वारा प्रतिदिन वेदी पूजन का कार्यक्रम प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा रहा है। इस भागवता कथा में ब्राह्मण जन जागरण संस्था के सभी पदाधिकारी बाड़े उत्साह पूर्वक कथा श्रवण कर रहे हैं और सभी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं

रहे। संस्था के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने हमारे संवाददाता से बताया कि यह संस्था प्रतिवर्ष श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा करवाती है। यहां के सभी भगवत प्रेमी पूज्य महाराज जी के मुखारविंद से प्रतिवर्ष नए-नए ज्ञान को ग्रहण करते हैं। महाराज जी के भजनों को श्रवण करके भक्तजन बिना झूमें नहीं रह पाते। कथा की सार्थकता यही है कि भक्त भगवान के हो जाए। संस्था अध्यक्ष अनिल शुक्ला, थाने अध्यक्ष वेदप्रकाश तिवारी, कमलेश शुक्ला, पं संजय मिश्रा, मीडिया प्रभारी अशोक चौबे, राम दुबे, रमेश उपाध्याय ने सभी भक्तों से आने की अपील की है।

भाई चन्द्रशेखर आजाद रावन (म.प्र. नगीना, राष्ट्रीय अध्यक्ष एएसपी) और भाई विनय रतन सिंह (राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम आर्मी) के हाथो 2025 के कैलेंडर का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर गौरी प्रसाद उपासक (पूर्व केंद्रीय मंत्री, महाराष्ट्र परभरी), डॉ. आदित्य पटाकरोआ, (महाराष्ट्र कार्यकारी अध्यक्ष) मनीष साठे (महाराष्ट्र अध्यक्ष) कैलाश जयसवाल (मुंबई अध्यक्ष), और आसिफ सरदार (मुंबई प्रदेश महासचिव)।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

देवेंद्र फडणवीस के साथ आएंगे उद्धव ठाकरे!

अब शुक्रवार को ही ये बात सामना में सामने आ चुकी है। एक पत्रिका सामना में देवेंद्र फडणवीस के काम की काफी तारीफ की गई है। सामना में लिखा गया है कि देवेंद्र फडणवीस ने नए साल में अपने काम की शुरूआत के लिए गड़चिरोली जिले का चुनाव किया, जिसकी सामना में प्रशंसा की गई है। जहां एक ओर कई मंत्री मलाईदार विभाग मिलने और पालकमंत्री बनने की होड़ में लगे है वहां देवेंद्र फडणवीस ने गडचिरोली पहुंचकर यहां के लिए कई विकासकारी योजनाओं को शुरू किया जो कि प्रशंनीय कार्य है। सामना में देवेंद्र फडणवीस की तारीफ में लिखा गया कि यहां सिर्फ उन्होंने दिन ही नहीं बिताया बल्कि भूमिपूजन और कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया। शिवसेना यूबीटी के सामना द्वारा लिखा गया ये लेख इस ओर इशारा करता है कि उद्धव ठाकरे गुट भी कही न की देवेंद्र फडणवीस के कार्यों की प्रशंसा करते है और उनके साथ मिलकर महाराष्ट्र के विकास पर काम करने की इच्छा रखते है।

लाड़की बहिन योजना में अब डमी लाभार्थियों की होगी जांच

उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं ने इस योजना के निर्धारित मानदंड का पालन नहीं किया है, सिर्फ उनकी जांच की जाएगी। लाडली बहना का लाभ लेने के लिए महिला की सालाना आय ढाई लाख से ऊपर नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उनके पास चारपहिया वाहन नहीं होना चाहिए। बता दें कि अंतरराज्यीय विवाहित महिलाएं इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं। आधार कार्ड और बैंक में नाम अलग होने पर भी सम्बंधित महिला को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। कुछ महिलाओं ने दो आवेदन किए हैं। ऐसी महिलाओं की भी जांच की जाएगी। पिछले साल जुलाई माह से शुरू हुई लाडली बहन योजना के लिए राज्य में 2 करोड़ 63 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 2 करोड़ 47 लाख आवेदन योग्य थे। 12 लाख 87 हजार बहनों के बैंक खाते आधार कार्ड से लिंक नहीं थे। चुनाव से पहले उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला। अक्टूबर से नवंबर माह तक 2 करोड़ 34 लाख बहनों के बैंक खाते में 1500-1500 रुपये जमा किये गये दिसंबर का लाभ देने के लिए 1 हजार 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

मुंबई के धारावी में बड़ा हादसा

दुर्घटनाग्रस्त हुई गाड़ियों के मालिकों ने रात में गाडियां सड़क किनारे पार्क की थी और अपने घर चले गए थे। फिर सुबह-सुबह तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने गाड़ियों को टक्कर मारने की घटना घटित हुई। टक्कर लगते ही सभी गाड़ियां खाई में बने नाले में जा गिरी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसा बहुत ही भयावह था। तेज रफ्तार ट्रक तेजी से आ रहा था। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार करके उससे पूछताछ शुरू कर दी है, जिसमें खुलासा हुआ है कि ट्रक चालक की आंख लग गई थी, जिसकी वजह से हादसा हुआ। इस हादसे में 6 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई। नाले में तैर रही सभी गाड़ियों को निकालने के लिए पुलिस की टीमें लगी है। इस हादसे में अच्छी बात यह है कि हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त हुई गाड़ियों में कोई भी नहीं था। इसलिए इस हादसे में किसी के घायल या हताहत नहीं हुआ है।

धनंजय मुंडे के सिर पर लटकी तलवार

दूसरी ओर संतोष देशमुख हत्याकांड में आरोपी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस बीच वाल्मिक कराड के धनंजय मुंडे के भी साथ नजदीकियों की बात मामले सामने आई है, इसके बाद से ही धनंजय मुंडे पर भी सवाल उठने लगे है। घटना के 22वें दिन उन्होंने सीआईडी के सामने सरेंडर कर दिया था। इस बीच वाल्मीक कराड की नजदीकियों के चलते अब विपक्ष धनंजय मुंडे के इस्तीफे की मांग कर रहा है और विपक्ष धनंजय मुंडे को मुश्किल में डालने की कोशिश कर रहा है। अब इस पर मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने भी बड़ा बयान दिया है। जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री धनंजय मुंडे के इस्तीफे को लेकर बड़ा बयान दिया। राधाकृष्ण विखे पाटिल ने कहा है कि एसआईटी रिपोर्ट आने के बाद धनंजय मुंडे के इस्तीफे पर फैसला लिया जाएगा। इस बीच चर्चा है कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता शरद पवार फिर साथ आएंगे, जिस पर विखे पाटिल ने भी प्रतिक्रिया दी। दोनों पवार साथ आएं या नहीं, यह उनका पारिवारिक मामला है। विखे पाटिल ने कहा है कि वे जो करना चाहते हैं, वह उनकी मर्जी है। इस बीच मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे से कोई नाराज नहीं है, मैं इस बात से नाराज नहीं हूं कि जल संसाधन विभाग का बंटवारा हो गया है। राधाकृष्ण विखे पाटिल ने इस अवसर पर कहा इस पोर्टफोलियो में काम करने की बहुत गुंजाइश है, नदी जोड़ो परियोजना में काम करने की अच्छी गुंजाइश है। साथ ही घाटे में चल रहे गोदावरी बेसिन में भी काम करने की अच्छी संभावनाएं है।

खबर संक्षेप

युवकों की कार ट्रक से टकराई, 4 की मौत

हरिद्वार। यहां के बहादराबाद थाना क्षेत्र के शनिदेव मंदिर के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।

हाईवे पर हरियाणा के युवकों की कार ट्रक से टकरा गई। चार युवकों की मौत हो गई। वहीं, एक युवक गंभीर घायल हो गया है, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। बुधवार देर रात हरियाणा से पांच युवक हरिद्वार घूमने आ रहे थे।

यूआईडीएआई के सीईओ बने भुवनेश

नई दिल्ली। भुवनेश कुमार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सीईओ का पदभार संभाल लिया है।



कुमार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भी बने रहेंगे। उन्होंने अमित अग्रवाल का स्थान लिया है। जिन्हें नया औषधि सचिव नियुक्त किया गया है। भुवनेश ने पदभार संभाल लिया है।

वस्त्र के वैश्विक व्यापार में भारत का आयात घटा

नई दिल्ली। भारत दुनिया में वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इसके ग्लोबल व्यापार

में भारत की हिस्सेदारी 3.9 प्रतिशत है। भारत के कुल निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र ,परिधान की हिस्सेदारी वर्ष 2023-24 में 8.21 प्रतिशत है। 2022-23 में 10,481 मिलियन डॉलर की तुलना में 2023-24 में आयात 15 प्रतिशत कम हुआ है।

कश्मीर में पांचवें दिन बंद रहा मुगल रोड

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में 'पीर की गली' समेत ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण मुगल रोड

को लगातार पांचवें दिन भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रखा गया। जम्मू के पुंछ और दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग भारी बर्फबारी के बाद 29 दिसंबर को बंद कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री ममता का बीएसएफ पर बड़ा और 'कड़ा' आरोप

बांग्लादेशी आतंकियों को प्रवेश देकर बंगाल को अस्थिर करने की 'साजिश' की जा रही

कोलकाता की सीएम ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बेनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी।

मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर बड़ा आरोप लगाया। ममताने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। बांग्लादेशी आतंकी बंगाल में आ रहे हैं। यह केंद्र की नापाक योजना है। टीएऐमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी। राज्य के भाजपा नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में जवाब देने के लिए कहना चाहिए। बेनर्जी ने कहा कि राज्य के भाजपा नेता जो हर मामले में टीएमसी सरकार की गलती ढूंढते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं, वे बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य समुदायों पर जारी अत्याचारों के बारे में केंद्र सरकार की अधूरी प्रतिक्रिया के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। टीएमसी और राज्य सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र के फैसले और प्रतिक्रिया का पालन करेगी।

टीएमसी के महासचिव अभिषेक ने भी लगाए केंद्र सरकार पर आरोप

पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर जवाब दें

राज्य के भाजपा नेता अल्पसंख्यकों पर अत्याचार पर बात करें

रक्षा विशेषज्ञ गौर बोले- ममता के आरोप गलत, वे खुद घुसपैठ में मददगार

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बयान पर रक्षा विशेषज्ञ कैप्टन अनिल गौर ने कहा कि ममता बेनर्जी द्वारा लगाए गए आरोप गलत हैं। वह खुद अवैध घुसपैठियों और बांग्लादेशियों को भारत में बसाने और उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराने में एक बड़ी मददगार हैं। वह आरोप लगा रही हैं कि बीएसएफ उन्हें मदद करती है, लेकिन यह उनके लोग ही करते हैं। वह अपने मतदाताओं को खुश करने के लिए सुरक्षा बलों पर आरोप लगाती हैं।

अभिषेक ने कहा- लोग इस पर ध्यान न दें

सांसद बेनर्जी ने कहा कि अगर बंगाल के भाजपा नेता पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में इतने सचेत हैं, तो वे दिल्ली में अपनी सरकार पर उचित जवाब देने के लिए क्यों नहीं दबाव डाल रहे हैं? उन्होंने लोगों से राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा लोगों पर ध्यान न देने का आह्वान किया जो बांग्लादेश का हवाला दे रहे हैं।

गिरिराज का तीखा पलटवार

पश्चिम बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए नर्सरी बना



बक्सर। सीएम ममता के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि पश्चिम बंगाल सरकार पहले बांग्लादेशियों के लिए रेड कार्पेट बिछाती है और फिर अभिषेक बेनर्जी बांग्लादेश के नाम पर राजनीति करते हैं। अभिषेक और ममता को बंगाल और पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। पश्चिम बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए नर्सरी बन गया है।

सत्ता के लोभ में अंधी हो गई ममता, कांग्रेस भी मौन : कोलकाता में मां काली की प्रतिमा के विसर्जन में मुसलमानों ने जिस तरह से बवाल किया, वह बेहद ही निंदनीय है। यदि काली पूजा कोलकाता में नहीं होगी, तो कहां होगी? सत्ता के लोभ में ममता अंधी हो गई हैं। हिंदुओं पर हुए अत्याचार पर राहुल गांधी भी चुप हैं। अखिलेश और तेजस्वी भी मौन हैं।

कांग्रेस ने टीएमसी और भाजपा पर किया वार

कांग्रेस ममता बेनर्जी के साथ ही भाजपा को भी। कांग्रेस प्रवक्ता नासिर हुसैन ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह क्या कर रहे हैं? प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं? बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा गृह मंत्रालय के अंदर आता है, आखिर बांग्लादेश से लोग कैसे आ रहे हैं? इसका जवाब राज्य सरकार को या विपक्ष को नहीं देना है, केंद्र सरकार को देना है।

---

337 मीट्रिक टन कचरे का 'हानिकारक' प्रभाव लगभग खत्म फिर भी वैज्ञानिक तरीके से होगा नष्ट

कचरे के विनिष्टीकरण की करेंगे सतत निगरानी, वर्ष 2015 में किया जा चुका है ट्रायल रन

इसमें कचरे के निपटान से वातावरण को कोई नुकसान नही हुआ

मुंबई हलचल / भोपाल

यूनियन कार्बाइड (यूका) के कचरे के विनिष्टीकरण को लेकर शुरू तमाम तरह की शंकाओं पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विशेषज्ञ मानते हैं इसका विषैला प्रभाव 25 साल में लगभग समाप्त हो जाता है। इसके बावजूद कचरे का निबटान वैज्ञानिक तरीके से ट्रायल रन के बाद किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हादसे के 40 वर्ष बीतने के बाद भोपाल में रखा लगभग 337 मीट्रिक टन कचरे का हानिकारक प्रभाव लगभग खत्म हो गया है। कांग्रेस के आरोपों पर उन्होंने कहा कि यह तो उन्हीं के समय का है, ऐसे में इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। सीम डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व में प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धार में तो विरोध करती है, पर भोपाल में कुछ नहीं बोलती। ऐसे में क्या कहा जाए? कचरे के विनिष्टीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। कचरे का निष्पादन जनता की शंकाओं को दूर कर सावधानीपूर्वक किया जाएगा। जनता के सरोकार प्राथमिकता में सबसे ऊपर हैं, कचरे के विनिष्टीकरण की कार्रवाई सतत निगरानी में की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बचे हुए शेष कचरे में 60 प्रतिशत से अधिक केवल स्थानीय मिट्टी, 40 प्रतिशत में नेप्थॉल, रिएक्टर रेसिड्यूज और सेमी प्रोसेस्ड पेस्टीसाइड्स का अपशिष्ट है। इसमें मौजूद 7 नेप्थॉल रेसीड्यूस मूलतः मिथाइल आइसो साइनेट एवं कीटनाशकों के बनने की प्रक्रिया का सह-उत्पाद होता है।

अमित शाह ने 'जेके एंड लद्दाख थ्रू एजेस' पुस्तक का किया विमोचन



'पीओके' का नाम लिए बिना बोले जो गंवाया, वो जल्द हासिल करेंगे

◆ इतिहासकारों ने तोड़-मरोड़कर पेश किए ऐतिहासिक तथ्य

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत के कोने-कोने में जो संस्कृति, भाषा, हमारी लिपियां, अध्यात्म के विचार, तीर्थस्थलों की कला, व्यापार और वाणिज्य बिखरा पड़ा है, वो कम से कम 10 हजार साल से कश्मीर में उपस्थित है। वहीं से देश के बहुत सारे हिस्से में आया। भारत से जुड़ाव का प्रश्न बेमानी हो जाता है

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पीओके का नाम लिए बिना कहा कि जो हमने गंवाया वो जल्द हासिल कर लेंगे। शाह ने कहा कि अगर भारत को समझना है तो भारतीय दृष्टिकोण और हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के इतिहास के साथ यही हुआ। यहां किसने शासन किया, कौन रहा, किसने क्या अनुबंध किया... इसके आधार पर तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। शाह ने कहा हम सभी जानते हैं कि कश्मीर को कश्यप की भूमि कहा जाता है। यह संभव है कि कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम पर पड़ा हो। उन्होंने कहा कि भारत के कोने-कोने में जो संस्कृति, भाषा, हमारी लिपियां, अध्यात्म के विचार, तीर्थस्थलों की कला, व्यापार और वाणिज्य बिखरा पड़ा है, वो कम से कम 10 हजार साल से कश्मीर में उपस्थित है।

■ शाह ने कहा- कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहेगा

■ भारत को समझना है तो भारतीय दृष्टिकोण समझना होगा

भारत की एकता संस्कृति

अमित शाह ने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान इतिहास में लिखी गई हमारे देश की परिभाषा उनके ज्ञान की कमी के कारण उपजी। दुनिया भर में देशों का अस्तित्व भू-राजनीतिक से सामने आया। इनका जन्म अक्सर युद्धों या समझौतों द्वारा निर्धारित सीमाओं से हुआ है। मगर भारत इस मायने में अद्वितीय है। भारत की एकता हमेशा इसकी संस्कृति पर आधारित रही है न कि इसकी भौगोलिक सीमाओं पर।

भारत एकजुट नहीं था ये मिथक

गृह मंत्री ने कहा कि हमारे देश के सभी कोनों का इतिहास हजारों साल पुराना है। उन्होंने कहा कि उपनिवेशवाद का उद्देश्य भारत के वास्तविक इतिहास को मिटाना था। देश के इतिहास और एकता के बारे में एक झूठी कहानी गढ़ी गई। यह मिथक बनाया गया कि भारत कभी एकजुट नहीं था और आजाद देश का विचार ही बेमानी है। उन्होंने कहा कि उस समय कई लोगों ने इस कहानी को स्वीकार भी कर लिया था।

8000 साल पुराने ग्रंथों में जिक्र

अमित शाह ने कहा कि लगभग 8000 साल पुराने ग्रंथों में कश्मीर और झेलम का जिक्र है। तब यह कोई नहीं कह सकता कि कश्मीर किसका है। कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग पहले भी था। आज भी है और हमेशा रहेगा। इसे कोई कानून की धाराओं से अलग नहीं कर सकता है। कानून की धारा का इस्तेमाल करके प्रयास भी किया गया था। आखिर में उस धारा को निरस्त कर दिया गया और सभी बाधाओं को दूर कर दिया गया।

निमिषा प्रिया की मदद को तैयार हुआ ईरान

नई दिल्ली। यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को सजा-ए-मौत मिलने पर ईरान मदद के लिए सामने आया है। एक ईरानी अधिकारी ने इस घटना को लेकर कहा कि ईरान मानवीय सहायता के तौर पर इस मुद्दे पर भारत की मदद करने के लिए तैयार है। यमन में काम करने वाली भारतीय नर्स निमिषा पर आरोप हैं कि उसने यमन के एक नागरिक की हत्या कर दी है।

गैलेंट का इजराइली संसद से इस्तीफा

तेल अवीव। इजरायल के बर्खास्त रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने अब इजरायली संसद (नेसेट) से भी इस्तीफा दे दिया है और कहा है कि जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब आपको रुकना पड़ता है। उन्होंने अपने त्याग पत्र में लिखा है कि देश की 45 वर्षों की सेवा और एक मिशन के बाद अब इस्तीफा देने का फैसला किया है। पिछले साल नवंबर में इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भरोसे में कमी का हवाला देते हुए उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था।

बिजली के खंभे पर चढ़कर तारों पर सो गया

आंध्र में नीचे चिल्लाते रहे परिजन

पार्वतीपुरम मन्यम। आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम मन्यम जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां किसी बात-विवाद से नाराज नशे में धुत एक शख्स बिजली के खंभे पर चढ़ गया और उसके बाद तारों पर सो गया। हालांकि इस दौरान उसके परिजन लगातार चिल्लाते रहे। मांडू बाबू मां से शराब के लिए पैसे मांग रहा था और पैसे न मिलने पर वह खफा होकर यह काम किया।

एनएचआरसी ने डीजीपी व पीसी को भेजा नोटिस

हैदराबाद। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने डीजीपी और हैदराबाद के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में हुई भगदड़ के संबंध में एक व्यापक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है, जिसके परिणामस्वरूप एक महिला की मौत हो गई थी। अधिवक्ता रामा राव इम्मानेनी की शिकायत पर रिपोर्ट के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है।

संध्या थिएटर में भगदड़

संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद

कोर्ट कमिश्नर ने सील बंद लिफाफे में दाखिल की 40 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट

राघव ने किया जमा

मुंबई हलचल / संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद पर चल रहे मामले में गुरुवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर दी। यह रिपोर्ट 40 पन्नों की है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इसे सील बंद लिफाफे में जमा किया गया है।19 और 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। यह सर्वे संभल के चंदौसी जिला कोर्ट के निर्देश पर हुआ। एडवोकेट कमिश्नर ने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से रिपोर्ट पेश करने में थोड़ा समय लगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी गई है।

19 और 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया

मामले की अगली सुनवाई पर निगाहें

अगली सुनवाई के संबंध में एडवोकेट कमिश्नर ने कहा कि यह मुस्लिम पक्ष की कार्रवाई पर निर्भर करेगा। यदि वह हाईकोर्ट जाते हैं, तो उसके आधार पर मामले में आगे की प्रक्रिया तय होगी।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था मामला

यह मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। शीर्ष अदालत ने सर्वे रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में जमा करने का आदेश दिया था। रिपोर्ट में क्या जानकारी है, यह आदेश आने तक सामने नहीं आएगा।

अमेरिका में 24 घंटे के अंदर तीसरा बड़ा हमला

टेस्ला साइबरट्रक में हुआ विस्फोट, एक की मौत, 7 घायल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

अमेरिकी में 24 घंटे के अंदर तीसरा बड़ा हमला हुआ है। लासवेगस में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर बुधवार को टेस्ला साइबरट्रक में हुए विस्फोट मामले में वाहन के अंदर मौजूद शख्स की मौत हो गई और पास खड़े 7 लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। लासवेगस मेट्रोपॉलिटन पुलिस और क्लार्क काउंटी फायर डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने यह पुष्टि की है। अब कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। साइबरट्रक में पटाखों के मोर्टार और कैंप फ्यूल के कनस्तर मिले हैं। मामले में आतंकवाद के एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि एजेंसियों को

जानकारी है कि ट्रक को रेंटल एजेंसी से किसने किराए पर लिया था। इस मामले पर रेंटल एजेंसी की तरफ से भी अब तक कुछ नहीं कहा गया है। एफबीआई के स्पेशल एजेंट इंचार्ज ने कहा है कि गाड़ी में मौजूद साक्ष्य भी एकत्रित किए जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने जताई संवेदना- कहा आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकें

हमलावर आईएसआईएस से प्रभावित: बाइडेन

अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस में बॉर्बन स्ट्रीट पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि हमलावर की एक्टिविटी से लगता है कि वह आईएसआईएस से प्रभावित था और ज्यादा से ज्यादा हत्या करने की कोशिश कर रहा था। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्रंप से इस हमले को लेकर बातचीत की है। मोदी ने पीड़ितों के परिजनों के लिए संवेदना जताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए। बता दें, घटनास्थल से लॉन्ग गन के अलावा दो घरेलू बम और आईएसआईएस का झंडा मिला है। आरोपी ड्राइवर की पहचान शम्सुद्दीन जब्बार के तौर पर हुई है। एफबीआई का मानना है कि इस हमले में कई लोग शामिल हो सकते हैं।

न्यूयॉर्क में अंधाधुंध गोलीबारी, कई घायल

यूएस में न्यूयॉर्क के क्वींस में एक नाइट क्लब में एक हमलावर ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिस नाइट क्लब में यह घटना हुई, उसका नाम अमजूरा नाइट क्लब है। गोलीबारी बीती रात करीब 11 बजकर 45 मिनट पर हुई। पुलिस विभाग की कई इकाइयां उस स्थान पर पहुंचीं जहां जमैका लॉन्ग आइलैंड रेल रोड स्टेशन के पास गोलीबारी हुई थी ताकि इलाके को सुरक्षित किया जा सके और संदिग्धों को पकड़ा जा सके।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

सेबी ने फ्रंट रनिंग योजना का किया भंडाफोड़

सेबी ने 'फ्रंट रनिंग' मामले में नौ इकाइयों पर लगाई रोक, 21 करोड़ की अवैध कमाई की जब्त

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक 'फ्रंट-रनिंग' योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया था।

- अवैध कमाई में पीएनबी मेटलाइफ शामिल
- शामिल व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई
- फ्रंट रनिंग से आशय अग्रिम सूचना पर बाजार में लेन-देन करना

पीएनबी मेटलाइफ ने इस संदर्भ में जारी एक बयान में कहा है कि उसने जांच के दौरान सेबी के साथ पूरा सहयोग किया और इस मामले में शामिल व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की है। कंपनी ने बयान में कहा, 'अपनी आंतरिक प्रक्रिया के तहत हमने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मेटलाइट कंपनी संचालन और पारदर्शिता के उच्च मानकों का अनुपालन करती है।'

फ्रंट रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही

'फ्रंट रनिंग' से आशय अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन करना और लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों को उपलब्ध नहीं होती। मामले से संबंधित इकाइयों द्वारा फ्रंट-रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही।

इकाईयों को बाजार से प्रतिबंधित किया गया

सेबी ने हाल ही में जारी एक अंतरिम आदेश में सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया और उनके द्वारा अर्जित अवैध लाभ को जब्त कर लिया। सेबी ने कुछ इकाइयों द्वारा बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की थी।

फ्रंट रनिंग के 6766 मामले आए सामने

सेबी ने कहा कि डीआरपीएल, डब्ल्यूडीपीएल और प्रग्नेश सांघवी के खातों के जरिये फ्रंट रनिंग के 6,766 मामले सामने आए। इन इकाइयों ने इस तरह से 21,15,78,005 रुपये का अवैध लाभ कमाया। सेबी ने कहा कि इन इकाइयों के खातों में फ्रंट रनिंग गतिविधियों का सिलसिला तीन साल से अधिक समय तक चला।

जांच की अवधि 2021 से 2024 रही

जांच की अवधि एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक थी। अपनी जांच में सेबी ने पाया कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश लेन-देन से संबंधित निर्णय निष्पादन के लिए सचिन दगली को सौंपे गए थे। नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली (इक्विटी डीलर, पीएनबी मेटलाइफ) और उनके भाई तेजस दगली (इक्विटी सेल्स ट्रेडर, इन्वेस्टेक) ने पीएनबी मेटलाइफ और इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की।

जांच का मकसद मिलीभगत का पता लगाना रहा

जांच का मकसद यह पता लगाना था कि क्या संदिग्ध इकाईयों ने डीलरों और/या कोष प्रबंधकों सहित सहित अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े ग्राहकों के लेन-देन में फ्रंट रनिंग की थी। इस तरह इन लोगों ने सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को लगाई फटकार

किसान नेता डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने के लिए नहीं कहा

पंजाब सरकार के अधिकारी मीडिया में गलत माहौल बनाने में लगे

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार के अधिकारी मीडिया में इस तरह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन को तुड़वाने की कोशिशें हो रही हैं। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि हमने डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने का निर्देश नहीं दिया और हम सिर्फ उनके सेहत को लेकर चिंतित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

अदालत उनके स्वास्थ्य पर चिंतित

पंजाब सरकार के सचिव 6 के पहले हलफनामा दें

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार तक डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने की समयसीमा तय की थी, लेकिन अब इस समय सीमा को छह जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को उनके आदेश के अनुपालन को लेकर सोमवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

बेमतलब बयान न दें

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों और किसान नेताओं की गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से भी नाराजगी जताई और कहा कि इससे हालात और जटिल हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी पर पंजाब सरकार ने सुनिश्चित किया कि डल्लेवाल का अनशन तोड़े बिना उन्हें चिकित्सा सहायता देने की कोशिश की जा रही है।

6 जनवरी तक आदेश का पालन किया जाए

सुप्रीम कोर्ट ने अब पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता मुहैया कराने और उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की समय सीमा 6 जनवरी तक बढ़ा दी है। डल्लेवाल 26 नवंबर से आमरण अनशन कर रहे हैं और उनकी मांग है कि जब तक केंद्र किसानों को बातचीत के लिए आमंत्रित नहीं करता,अनशन खत्म नहीं करेंगे। उनकी की बिगड़ती सेहत के बाद कोर्ट ने पंजाब सरकार को चिकित्सा सहायता मुहैया कराने का आदेश दिया था।

अभिनेत्री गुरलीन चोपड़ा ने अपने जन्मदिन पर डी रंधावा के साथ सपनों के नए घर में रखा कदम

मुंबई हलचल / संवाददाता

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री, फिटनेस कोच और मोटिवेशनल स्पीकर गुरलीन चोपड़ा का जन्मदिन इस बार उनके लिए बहुत ही खास दिन रहा। फिल्म एक्ट्रेस के लिए यह दोहरी खुशी का था, क्योंकि उसी दिन वह डी रंधावा के साथ मुंबई के उपनगर अंधेरी पश्चिम में लिंक रोड से जुड़ी एक शानदार बिल्डिंग में अपने नए आलीशान घर में शिफ्ट हुईं। खूबसूरत केक काटकर उन्होंने अपने जन्मदिन के समारोह को यादगार बना दिया जिसमें उनके परिवार और डी रंधावा के परिवार के लोग, दोस्त शामिल हुए। इस अद्भुत जश्न के अवसर पर गुरलीन फूलों से सजे एक गाउन में बेहद खूबसूरत नजर आ रही थी। उनके हैंडसम दोस्त डी रंधावा गहरे रंग के सूट में बेहद डैशिंग लग रहे थे।

गुरलीन चोपड़ा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अपने बर्थडे के दिन हमने डी रंधावा के साथ अपने सपनों के घर में कदम रखा है। मेरे लिए इससे ज्यादा खुशी का लम्हा और क्या हो सकता है। हम दोनों अपने नए घर से अपनी जिंदगी का एक नया सफर शुरू करने जा रहे हैं। मैं अपने तमाम दोस्तों, शुभचिंतकों, फैन्स का शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने मुझे बर्थडे विश किया। सभी को मेरी ओर से नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सब के लिए 2025 सफलता की नई कहानी लिखे और आपके सपने पूरे हों, मेरी यही कामना होगी।

आईएसएसए (अमरीका) और सीएनएम (यूके) द्वारा प्रमाणित मोटिवेशनल स्पीकर और अदाकारा गुरलीन चोपड़ा जल्द ही एक फिल्म के अलावा रजनीश दुग्गल और शावर अली के साथ दो वेब सीरीज में भी नजर आएंगी। उन्होंने फिटनेस कोच बनने की अपनी प्रेरणा के बारे में बात करते हुए कहा कि 'एक दिन हेल्थ व बॉडी फिटनेस गुरु डी रंधावा ने मुझे सुझाव दिया कि चूंकि आपके बहुत सारे फॉलोवर्स हैं, तो आप लोगों को अच्छे स्वास्थ्य और वेलनेस के बारे में मार्गदर्शन क्यों नहीं करती। उनकी सलाह मुझे अच्छी लगी और इस तरह मैंने वेलनेस इंडस्ट्री में फिटनेस कोच के रूप में कदम रखा।' गुरलीन ने मधुमेह, हार्मोनल असंतुलन, थायराइड जैसी बीमारियों के लिए प्राकृतिक आहार मरीजों को लेने के लिए कहा। उन्होंने दुनिया भर के 1 लाख से अधिक लोगों को शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ किया है। डी रंधावा और गुरलीन ने एक सफल हेल्थ व फिटनेस प्रोडक्ट व्यवसाय स्थापित कर लिया है और वे जल्द ही ब्यूटी प्रोडक्ट्स भी लॉन्च करने जा रहे हैं। हैंडसम एक्टर डी रंधावा फिल्म 'समर्पण' में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं और इसके द्वारा वह बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में जबरदस्त एंट्री करने जा रहे हैं। इस रोमांटिक फिल्म की लगभग 80 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है। एक और आने वाली फिल्म 2 वेज (दो रास्ते) में डी रंधावा गुरलीन चोपड़ा के साथ भी काम करेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

गुल पनाग ने कई अचीवमेंट्स किए अपने नाम

बॉलीवुड एक्टेस गुल पनाग का जन्म साल 1979 को चंडीगढ़ में हुआ था। गुल पनाग आज अपना 46वां जन्मदिन मना रही हैं। गुल का पूरा नाम गुलकीरत कौर पनाग हैं। गुल बचपन से ही काफी एक्सपोजर थी, क्योंकि एक्ट्रेस के पिता आर्मी में लेफ्टिनेंट जनरल थे। इस वजह से गुल पनाग के पिता का ट्रांसफर देश में अलग-अलग जगहों पर होता रहता था। इस वजह से एक्ट्रेस को काफी अच्छा एक्सपोजर मिला था। गुल पनाग ने हर बार कुछ नया करने की ठानी। एक्ट्रेस ने जिस चैलेंज को अपना, उसी में महारत हासिल की। एक्ट्रेस ने मॉडलिंग की, एक्टिंग की, फॉमूर्ला वन रेस में भी हिस्सा लिया और सर्टिफाइट पायलट भी बनीं। गुल पनाग ने कई अचीवमेंट्स अपने नाम किए हैं। गुल ने साल 1999 में मिस इंडिया का जादू भी दिखाया। गुल ने डोर, धुप, मनोरमा- सिक्स फीट अंडर और टर्निंग 30 जैसी फिल्मों से खुद को बेहतरीन अदाकारा साबित किया। गुल पनाग ने कुछ समय बाद फिल्मों की दुनिया से ब्रेक ले लिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने कुछ नया करने का छोड़ा। गुल पनाग ने एक्टिंग छोड़कर अपना घर बसाया। गुल ने 23 मार्च 2011 में अपने बचपन के दोस्त ऋषि अत्री से शादी कर ली। गुल की शादी लोगों के लिए काफी यादगार थी, क्योंकि शादी में एक्ट्रेस ने टशन के साथ बुलेट से एंट्री लिया था। आज के टाइम में शादी में बुलेट से एंट्री लेना आम बात है, लेकिन उस ये सब एकदम अलग था।

कार्तिक बोले, 'सर, आप हमारे देश के...'



अभिनेता कार्तिक आर्यन ने पैरा-एथलीट मुरलीकांत पेटकर के लिए अपनी खुशी व्यक्त की, जब युवा मामले और खेल मंत्रालय ने घोषणा की कि पैरा-तैराक को खेल में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से सम्मानित किया जाएगा। फिल्म चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक आर्यन ने एथलीट के 'अड़ियल' रवैये और खेल भावना की प्रशंसा की। पेटकर ने पैरालिंपिक खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। एएनआई से बात करते हुए, कार्तिक आर्यन ने कहा कि यह खबर सुनकर बहुत, बहुत, बहुत खुश हूं! उनकी बायोपिक पर काम करते हुए, मुझे उनके जीवन के बारे में इतने विस्तार से और इतने करीब से पता चला कि उनकी जीत मेरे लिए बहुत निजी लगती है। वह अपने पूरे जीवन में अटूट और दृढ़ रहे, भले ही नियति ने उन पर कितनी भी चुनौतियाँ क्यों न थोपी हों। अभिनेता ने इस खबर को साल की शुरूआत करने का सबसे अच्छा तरीका बताया। कार्तिक ने बताया कि मैंने कई खेल हस्तियों से मुलाकात की है, लेकिन मुरलीकांत सर की खेल भावना और दृढ़ निश्चय बेजोड़ है। इस सम्मान के बारे में सुनना साल की शुरूआत करने का सबसे अच्छा तरीका है। मुरलीकांत सर, आप हमारे देश के सबसे बेहतरीन चैंपियन हैं।

अर्जुन संग बनेगी भूमि और रकुल प्रीत की जोड़ी



बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर, एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह 'मेरे हसबैंड की बीवी' नामक फिल्म में स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। गुरुवार को निर्माताओं ने रिलीज की तारीख के साथ परियोजना की घोषणा की। फिल्म 21 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। पूजा एंटरटेनमेंट के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा गया है कि यहां प्यार की ज्योमेट्री थोड़ी ट्विस्टेड है, क्योंकि ये लव ट्राएंगल नहीं, पूरा सर्कल है। 'मेरे हसबैंड की बीवी' 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। निर्माताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर भी जारी किया, जिसमें स्टिलेट्टो और पंजाबी जूती के बीच एक आदमी का जूता फंसा हुआ दिखाया गया है। मुदस्सर अजीज, जिन्होंने पहले 'खेल खेल में' और 'पति पत्नी और वो' जैसी फि ल्में बनाई हैं, ने 'मेरे हसबैंड की बीवी' का निर्देशन किया है। फिल्म को लेकर उत्साहित अजीज ने एक प्रेस नोट में कहा कि एक फिल्म निर्माता के तौर पर, मैंने हमेशा ऐसी कहानियाँ बताने में विश्वास किया है जो मनोरंजन करती हैं और सभी उम्र के दर्शकों को मुस्कुराहट देती हैं। अजीज ने कहा कि मेरा मानना है कि ऐसी फिल्में जो टिकती हैं और बार-बार देखने लायक होती हैं। मेरे हसबैंड की बीवी एक ऐसी फिल्म है जो रोमांटिक रिश्तों की विचित्रताओं और जटिलताओं का जश्न मनाती है। मैं हमेशा से ही मनोरंजक फि ल्मों का पक्षधर रहा हूं। ऐसी फि ल्में जो दोस्तों और परिवारों को एक साथ लाती हैं, उन्हें हंसाती हैं और उन्हें बात करने के लिए कुछ देती हैं।